# कार्यालय आयुक्त, जनजातीय कार्य, मध्यप्रदेश

क्रमांक/शिक्षा शाला/344/2025/ 7816 भोपाल, दिनांक 3/4/25

**//आदेश//**

वर्ष 2025-26 में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाओं में शिक्षकों के स्थानांतरण एवं पदस्थापना के कार्य दिनांक 01 जुलाई से पूर्व सम्पन्न किया जाना है। छात्रावास/आश्रम/ शिक्षण संस्थाओं में फर्नीचर एवं उपकरणों की व्यवस्था और संस्थाओं के अनुरक्षण / मरम्मत संबंधी कार्य भी माह जुलाई 2025 से पूर्व पूर्ण कर संस्थाओं का संचालन गुणवत्तापूर्ण एवं रूचिकर वातावरण में किया जाना है। समय-सीमा में इन कार्यों को पूर्ण किये जाने एवं इनकी प्रगति का अनुश्रवण किये जाने हेतु संचालनालय स्तर पर निम्नानुसार समिति का गठन किया जाता है -

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सरोज चौकसे | अपर आयुक्त,जनजातीय कार्य,भोपाल | अध्यक्ष |
| 2 | श्री सुधीर जैन | अपर संचालक,जनजातीय कार्य,भोपाल | सदस्य |
| 3 | श्री नरेन्द्र धुर्वे | संयुक्त संचालक (वित्त) | सदस्य |
| 4 | श्री पी.के.पाण्डेय | उपायुक्त,जनजातीय कार्य,भोपाल | सदस्य सचिव |
| 5 | श्री सुधांशु वर्मा | सहायक आयुक्त,जनजातीय कार्य,भोपाल | सदस्य |
| 6 | श्री प्रशांत श्रीवास्तव | कार्यपालन यंत्री,जनजातीय कार्य,भोपाल | सदस्य |
| 7 | समस्त संभागीय उपायुक्त | अनुसूचित जाति/जनजातिय कार्य म.प्र. | सदस्य |

उपर्युक्त समिति प्रदेश में विभाग द्वारा संचालित समस्त शिक्षण संस्थाओं/छात्रावासों/आश्रम शालाओं में 01 जुलाई से पूर्व निम्नानुसार कार्य पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करेगी -

1. शिक्षण संस्थाओं में रिक्त पदों पर प्राचार्यों एवं शिक्षकों की पदस्थापना।
2. शिक्षण संस्थाओं/छात्रावासों/आश्रम शालाओं में प्रयोगशाला, फर्नीचर, अन्य आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था तथा मरम्मत एवं संधारण कार्य हेतु आवश्यकतानुसार आवंटन समय-सीमा में जिलों को जारी किया जाना।
3. प्रदाय आवंटन अनुसार शिक्षण संस्थाओं में इनकी उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु जिला से समन्वय।
4. शिक्षण संस्थाओं/छात्रावासों/आश्रमों के सभी शिक्षण संस्थाओं/छात्रावासों/आश्रमों में मरम्मत एवं संधारण के कार्य माह जुलाई से पूर्व पूर्ण कराया जाना।
5. संबंधित संभागीय उपायुक्त अपने संभाग के जिलों में उक्त बिन्दु क्रमांक 01 से 04 तक के अंकित कार्यों का मूल्यांकन/अनुश्रवण करेगें एवं पाक्षिक प्रतिवेदन समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगें।

03/04/25

(श्रीमती सरोज चौकसे)
अपर आयुक्त
जनजातीय कार्य
मध्यप्रदेश

पृ.क्रमांक/शिक्षा शाला/344/2025/7817 भोपाल, दिनांक 3/4/25

प्रतिलिपि -

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन,जनजातीय कार्य विभाग ।
2. आयुक्त, समस्त संभाग, मध्यप्रदेश ।
3. समस्त कलेक्टर, मध्यप्रदेश ।
4. श्रीमती सरोज चौकसे, अपर आयुक्त, जनजातीय कार्य, भोपाल।
5. श्री सुधीर जैन, अपर संचालक, जनजातीय कार्य, भोपाल।
6. श्री नरेन्द्र धुर्वे, संयुक्त संचालक (वित्त) जनजातीय कार्य, भोपाल।
7. श्री पी.के.पाण्डेय, उपायुक्त, जनजातीय कार्य, भोपाल।
8. श्री सुधांशु वर्मा, सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य, भोपाल।
9. श्री प्रशांत श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री, जनजातीय कार्य, भोपाल।
10. समस्त संभागीय उपायुक्त, जनजातीय कार्य, मध्यप्रदेश।
11. समस्त सहायक आयुक्त/जिला संयोजक, जनजातीय कार्य, मध्यप्रदेश।

**अपर आयुक्त**
**जनजातीय कार्य**
**मध्यप्रदेश**